कार्यालय मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तराखण्ड

(उत्तराखण्ड स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण समिति, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उत्तराखण्ड शासन)
आम्रपाली लर्सीण्ड साहस्त्रधारा रोड, देहरादून- 248001
ई-मेल: mdnhmuk@gmail.com फोन / फैक्स 0135 2608646

पत्रांक- UKHFWS/NHM/NCD/2016/NTCP letters/ 409 दिनांक 02/05/2022

सेवा में,

अपर आयुक्त,
खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन,
उत्तराखण्ड।

विषयः- राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम (एन0टी0सी0पी0) के अन्तर्गत "विश्व तम्बाकू निषेध दिवस" 2022 के अवसर पर तम्बाकू निषेध अभियान हेतु गतिविधियाँ आयोजित करने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

उपरोक्त विषयक अवगत कराना है कि राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम (एन0टी0सी0पी0) के अन्तर्गत प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी विश्व तम्बाकू निषेध दिवस दिनांक 31 मई, 2022 का आयोजन किया जाना है। इस वर्ष की थीम "Threat to our environment" है। अवगत कराना है कि विश्व तम्बाकू निषेध दिवस 2022 के अवसर पर एक माह **(दिनांक 01 मई से 31 मई, 2022 तक)** तम्बाकू नियंत्रण हेतु **"आओ गांव चलें–उत्तराखण्ड को तम्बाकू मुक्त करें"** अभियान का शुभारम्भ मा0 स्वास्थ्य मंत्री, उत्तराखण्ड द्वारा दिनांक 30.04.2022 को होटल पैसिफिक, देहरादून में किया गया।

उक्त शुभारम्भ कार्यक्रम में मा0 स्वास्थ्य मंत्री जी द्वारा घोषणाएं की गयी हैं, जिसके क्रम में आपके स्तर से **"आओ गांव चलें–उत्तराखण्ड को तम्बाकू मुक्त करें"** एक माह के अभियान हेतु निम्न गतिविधियाँ आयोजित की जानी हैं:-

1. राज्य के खाद्य पदार्थों गुटखा, पानमसाला आदि में निकोटीन की मात्रा जाँच हेतु अभियान चलाया जायेगा।
2. दिनांक 31 मई, 2022 को राज्य के पाँच लाख व्यक्तियों को तम्बाकू निषेध हेतु शपथ दिलायी जायेगी। जिस हेतु शपथ का प्रारूप एवं समय से पृथक रूप से अवगत कराया जायेगा।
3. पूरे माह में जनपद, ब्लॉक, नगर निगम स्तर पर जन प्रतिनिधियों के सहयोग से गोष्ठी / सेमीनार आयोजित कर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

अतः उक्त अभियान हेतु उक्तानुसार गतिविधियाँ आयोजित कराने का कष्ट करें।

भवदीया,

(डा0 सरोज नैथानी)
निदेशक (एन0एच0एम0)

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित।

1. महानिदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तराखण्ड।
2. मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तराखण्ड।
3. समस्त मुख्य चिकित्साधिकारी, उत्तराखण्ड।

(डा0 सरोज नैथानी)
निदेशक (एन0एच0एम0)

Scanned with CamScanner